**<u>अनुवाद संबंधी डिसक्लेमर (अस्वीकरण)</u>:**

न्यू जर्सी में चुनाव कैम्पेन संबंधी चंदों और खर्च की रिपोर्टिंग का अधिनियम, N.J.S.A. 19:44A-37, गवर्नर पद के उम्मीदवारों को 500 शब्दों तक का बयान देने की अनुमति देता है, जिससे इस राज्य के मतदाताओं को उम्मीदवारों के बीच में अपना फैसला लेने में सहायता मिल सके। न्यू जर्सी का इलेक्शन लॉ एनफोर्समेंट कमीशन (ELEC), एक ठेकेदार के जरिए, अपनी वेबसाइटों को अंग्रेजी के सिवाए अन्य भाषाओं में पढ़ने में आपकी सहायता के लिए निम्नलिखित अनुवाद किया गया बयान दे रहा है। कोई भी अनुवाद केवल सुविधा के लिए मुहैया कराया जाता है और यह आधिकारक ELEC दस्तावेज़ नहीं होता है। न तो ELEC और न ही उसका ठेकेदार अनुवाद की सटीकता या उसकी विश्वसनीयता, मौजूदगी या आपकी भाषा संबंधी खास ज़रूरतों को पूरा करने की क्षमता के संबंध में कोई वचन, आश्वासन या गारंटी नहीं देता है। अगर आप इस वेबसाइट से ली गई अनुवाद की गई जानकारी पर भरोसा करते हैं, तो आप ऐसा अपने खुद के जोखिम पर कर रहे हैं।

ELEC के कर्मचारी, एजेंट और ठेकेदार अनुवाद किए गए बयानों के आपके इस्तेमाल के कारण हुए या उससे संबंधित किसी भी प्रकार के नुकसान या हानि के लिए ज़िम्मेदार नहीं होंगे, जिसमें अनुवाद की सटीकता पर आपके विश्वास के कारण होने वाले नुकसान या हानि, या अनुवाद को देखने, वितरित करने या उसकी कॉपी बनाने से होने वाले नुकसान या हानियाँ शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं है।

## 2025 न्यू जर्सी के गवर्नर पद के उम्मीदवार का बयान

(500 शब्दों से अधिक न हो)

Jack Ciattarelli (जैक सियाटारेली)
उम्मीदवार का नाम:

रिपब्लिकन
मतपत्र पर पदनाम/राजनीतिक पार्टी:

न्यू जर्सी (न्यू जर्सी) में वास्तविक बदलाव की जरूरत है - और मैं इसे साकार करने की सच्ची योजना रखने वाला अकेला उम्मीदवार हूँ।

मेरे इमीग्रेंट दादा-दादी 100 से अधिक साल पहले न्यू जर्सी आए थे और उन्होंने मेरे माता-पिता के साथ - मिलकर अमेरिकी सपने को साकार किया था। ऐसा करने में, उनकी कड़ी मेहनत और त्याग ने मेरे और मेरे भाई-बहनों के लिए एक मिसाल कायम कर दी और उन्होंने हमारी बहुत अच्छी मिडल-क्लास परवरिश की।

मुझे अपने चार बालिग बच्चों के लिए भी ऐसा ही करने में मदद करने पर नाज़ है, जिनमें से सभी अपने-अपने कामयाब करियर में आगे बढ़ रहे हैं - तीन न्यू जर्सी में और एक विदेश में हमारे देश की सेवा में लगे हैं।

दुर्भाग्य से, हम सभी ने जो मौके पाए हैं, वे आज की पीढ़ी और अगली पीढ़ी की पहुँच से बाहर निकलते जा रहे हैं।

न्यू जर्सी तेज़ी से महंगाई, कम सुरक्षा, और ऐसे राजनेताओं और विशेष स्वार्थों द्वारा नियंत्रित हो गया है जो इस बात की परवाह नहीं करते हैं कि कामकाजी परिवारों, बुजुर्गों, नौजवानों, और उद्यमियों के लिए क्या अहम है; न ही वे उन आदर्शों और परंपराओं की परवाह करते हैं जिन्हें हम बेहद पसंद करते हैं।

गवर्नर Murphy (मर्फ़ी) के 8 वर्ष के कार्यकाल और 25 वर्षों तक राज्य विधानसभा पर एक दल के डेमोक्रेट नियंत्रण के बाद, हमारा राज्य टूट गया है। मेरा विरोधी - जो न तो न्यू जर्सी से है और न ही उन चुनौतियों को समझता है जो हमारे सामने सिर उठाए खड़ी हैं - इन नाकाम नीतियों को जारी रखेगा और हमें गलत दिशा में ले जाएगा। हम 4 और वर्षों तक वर्तमान स्थिति को सहन नहीं कर सकते हैं।

इसी कारण से, आपके सहयोग से और आपके गवर्नर के रूप में, मैं:

संपत्ति टैक्सों में कटौती करूँगा और इनकी सीमा तय करूँगा ताकि कामकाजी परिवार और नौजवान नया घर खरीद सकें और इसके साथ, ही बुजुर्ग संपत्ति टैक्स फ्रीज को भी बढ़ाऊँगा।

स्वच्छ प्राकृतिक गैस, न्यूक्लियर, और सोलर ऊर्जा में निवेश करूँगा और गवर्नर Murphy (मर्फ़ी), द्वारा बंद कराए गए पावर प्लांट्स को दोबारा खोलकर तुरंत हमारे बिजली के मासिक बिलों को कम करूँगा, ऑफशोर हवा और बिजली के वाहनों संबंधी जनादेशों को खत्म करूँगा, और न्यू जर्सी को क्षेत्रीय ग्रीनहाउस गैस इनीशिएटिव (RGGI) से बाहर निकालकर करदाताओं का $300+ मिलियन से अधिक पैसा बचाऊँगा। मैं पूरे बोर्ड से इस्तीफों की माँग करके सार्वजनिक यूटीलिटीज़ बोर्ड की भी सफाई करूँगा।

बर्बादी को दूर करने और रोकथाम करने के लिए लाइन-आइटम वीटो पावर का ज़बरदस्त रूप से इस्तेमाल करते हुए राज्य सरकार के साइज़ और लागत में जिम्मेदारी से कमी करूँगा।

**2025 न्यू जर्सी के गवर्नर पद के उम्मीदवार का बयान**

Jack Ciattarelli (जैक सियाटारेली)
उम्मीदवार का नाम:

कॉर्पोरेशन बिज़नेस टैक्स को राष्ट्र में सबसे अधिक दर से राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी दर तक लाते हुए इसमें पाँच वर्षों तक, एक प्रतिशत प्रति वर्ष की कमी करूँगा; सभी करदाताओं के लिए इनकम टैक्सों में कमी करूँगा, टैक्स ब्रैकेट्स को मिला दूँगा, घर के सुधारों पर टैक्स में बढ़ोत्तरियों की मनाही करूँगा, और विद्यार्थी कर्ज पर ब्याज को टैक्स में छूट योग्य बनाऊँगा।

अंत में, यह भी अहम है कि, न्यू जर्सी को नौजवानों के रहने के लिए अधिक किफ़ायती बनाने के लिए, मैं वर्क फोर्स में पहले दो सालों को हाई स्कूल के बाद और कॉलेज को टैक्स फ्री बनाऊँगा और यहाँ कॉलेज में पढ़ाई करने के बाद रहने वाले और ग्रेजुएशन के बाद कम से कम तीन सालों तक राज्य में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए राज्य और राज्य के बाहर के ट्यूशन के बीच के अंतर की रकम को वापस कर दूँगा।

मैं हर किसी से आग्रह करता हूँ कि कृपया मेरी वेबसाइट www.Jack4NJ.com पर जाएँ और हम सभी के प्यारे राज्य में स्थिरता लाने की मेरी विस्तृत योजनाओं के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें। आपका गवर्नर बनना मेरे लिए जीवन भर सम्मान की बात रहेगा, और मुझे आशा है कि मुझे आपका समर्थन और वोट मिल सकेगा।

9/5/2025
तारीख:

Jack Ciatt
उम्मीदवार के हस्ताक्षर:

## 2025 New Jersey (न्यू जर्सी) के गवर्नर पद के उम्मीदवार का बयान

(500 शब्दों से अधिक न हो)

Mikie Sherrill (मिकी शेरिल) डेमोक्रेटिक

उम्मीदवार का नाम: मतपत्र पर पदनाम/राजनीतिक पार्टी:

मैंने संविधान के प्रति पहली शपथ 18 वर्ष की आयु में ली थी जब मैं अमेरिकी नौसेना अकादमी में दाखिल हो रही थी। मैंने हेलीकॉप्टर पायलट और रूसी पॉलिसी अधिकारी के रूप में लगभग 10 वर्षों तक एक्टिव ड्यूटी की, जहाँ मैंने अपनी टीम और स्वयं की बड़ी उम्मीदों के साथ नेतृत्व किया। मैंने न्यू जर्सी में अमेरिकी अटार्नी के कार्यालय में काम संभाला, जहाँ मैंने सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा करने के लिए अपने समुदायों
को सबसे ज्यादा तरजीह दी।

मुझे न्यू जर्सी से प्यार है और मैं और मेरे पति हमारे चार किशोर बच्चों की यहीं परवरिश कर रहे हैं। मैं इसे रहने, काम करने, और परिवार की परवरिश करने के लिए बेहतरीन राज्य बनाना चाहती हूँ। लेकिन न्यू जर्सी के बहुत से नागरिकों के लिए यह बहुत मुश्किल काम है। कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, हमारे बच्चे मुश्किलें झेल रहे हैं, और Trenton (ट्रेनटन) में जवाबदेही की कमी हमारे राज्य को पीछे धकेल रही है। और अब, राष्ट्रपति Trump (ट्रम्प) की नीतियाँ जीवन को और अधिक मुश्किल बना रही हैं और हमारे अधिकारों और आजादी पर हमला कर रही हैं।

मैं गवर्नर पद का चुनाव इसलिए लड़ रही हूँ क्योंकि हमें एक अलग तरह की लीडरशिप की ज़रूरत है। मैं एक डेमोक्रेट हूँ, लेकिन सबसे पहले मैं न्यू जर्सी की नागरिक हूँ। मैं अपने राज्य के लिए विशेष हितों से लेकर अपनी पार्टी तक, किसी का भी सामना करूँगी।

नौसेना में, हमारे यहाँ एक कहावत है: जहाज, जहाज पर साथी, खुद। मिशन कभी भी किसी एक शख्स के बारे में नहीं होता - आप अपने स्कवाड्रन को हमेशा अपने से अधिक तरजीह देते हैं। हमें मिलकर काम करना है, और मैं आपको सेवाएँ देने और आपके लिए जवाबदेह रहने के लिए तैयार हूँ।

मैंने न्यू जर्सी के हजारों निवासियों की कहानियों, उनकी उम्मीदों और उन्हें रात-भर जगाए रखने वाली चिंताओं को उनकी जुबानी सुना है। साफ तौर पर एक ही निचोड़ निकलता है कि हम सभी इस राज्य से प्यार करते हैं। मैं लोगों के पसंदीदा तटीय कस्बों या उनके पसंदीदा रेस्टोरेंट के बारे में घंटों बात कर सकती हूँ। जर्सी में अपने बच्चों की परवरिश न कर पाने या सम्मान से रिटायर न हो पाने का विचार ही स्वीकार नहीं किया जा सकता। और मैं इसे सहन नहीं करूँगी।

इसलिए आपके गवर्नर के रूप में, मैं आपके समक्ष शपथ लेती हूँ। मैं:

- **आपके बिजली के बिल से शुरुआत करते हुए, कीमतों में कमी लाऊँगी।** पहले दिन से, मैं यूटीलिटीज़ की कीमतों पर आपातकालीन की स्थिति घोषित कर दूँगी, दरें बढ़ाने पर रोक लगा दूँगी, और नए एनर्जी इनफ्रास्ट्रक्चर और अधिक साफ़ एवं सस्ती बिजली बनाने के मौके खोल दूँगी, क्योंकि अधिक सप्लाई का अर्थ बिल में कमी होता है। और मैं ग्रिड ऑपरेटर की संचालन लागतों में बढ़ोत्तरी का सामना करूँगी।

- **हमारे बच्चों की देखभाल करूँगी।** माता-पिता जानते हैं कि हमारे बच्चे मुश्किलें झेल रहे हैं। इसी कारण से मैं हमारे स्कूलों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल संबंधी संसाधनों में बढ़ोतरी करूँगी, हमारे बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा की माँग करूँगी और बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों को जवाबदेह ठहराऊँगी, और विद्यार्थियों को वापस सही राह पर लाने में मदद करने के लिए साक्षरता और गणित में अधिक असर वाली ट्यूटरिंग जैसी साबित हो चुकी चीज़ों में निवेश करूँगी।

## 2025 न्यू जर्सी के गवर्नर पद के उम्मीदवार का बयान

Mikie Sherrill (मिकी शेरिल)
उम्मीदवार का नाम:

- **Trenton (ट्रेनट) को ईमानदार और लोगों के प्रति जवाबदेह बनाएँ।** मैं यह पक्का करूँगी कि न्यू जर्सी के लोग असल में देख सकें कि उनके टैक्स का पैसा कहाँ इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही वे उन प्रोग्रामों के असर को भी देखे। मैं राज्य सरकार को आधुनिक भी बनाऊँगी
जिससे यह निवासियों और व्यवसायों के लिए बेहतर काम करे। और मैं राज्य एजेंसियों में ग्राहक सेवा और जवाबदेही भी लाऊँगी, जिससे आपके समय और पैसे की बचत होगी।

न्यू जर्सी के भविष्य के बारे में मेरी पूरी योजना www.mikiesherrill.com

पर पढ़ें। मुझे आपका वोट पाने की आशा है। आइए, हम काम पर लग जाएँ।

15 अगस्त, 2025
तारीख:

उम्मीदवार के हस्ताक्षर: